हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 रामनवमीं के उपलक्ष्य पर श्रीरामसेना ने निकाली शहर में भव्य शोभा यात्रा



## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा की जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साहवर्धन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। बैठक में चिरमिरी के पूर्व महापौर डमरू बेहरा, निगम के सभापति संतोष सिंह, नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा सहित पार्टी के पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसके अलावा पार्टी द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा।

### वक्फ संशोधन विधेयक का किया स्वागत



**बैकुण्ठपुर।** वक्फ संशोधन विधेयक संसद से पास होने पर भाजपा जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष अरशद खान एवं भाजपा नेता सुवेज अहमद नेपालू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इस कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को पारदर्शी एवं न्यायसंगत तरीके से सुलझाने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक नया कानूनी ढांचा प्रदान करने में सहायक है।

### बीएससी नर्सिंग में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग द्वारा बीएससी नर्सिंग में प्रवेश परीक्षा के लिए छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल के संदर्भ में अवगत कराया गया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 2 अप्रैल एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक है। वहीं त्रुटि सुधार 26 से 28 अप्रैल सायं 5 बजे तक किया जा सकता है। बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 29 मई समय पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। जानकारी के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में संपर्क कर सकते हैं।

### सुबह से देवी मंदिरों में लगी रही भीड़, ज्वारा विसर्जन कल

# महाष्टमी पर विशेष पूजा के साथ कन्या भोज





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र के महाष्टमी तिथि को मां महागौरी की विशेष रूप से श्रृंगार कर श्रद्धालुओं के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई एवं देवी मंदिरों आस्था केन्द्रों के साथ भक्तों के द्वारा अपने घरो में कन्या पूजन व भोग का आयोजन किया गया। भक्तिभाव के साथ कन्याओं का इस दिन-विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर प्रसाद स्वरूप भोग प्रदान किया गया और उन्हें उपचार देकर विदा दी गई, इसके अलावा देवी मंदिरों में भी महाष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ उमड़ना शुरू हो गया।

महाष्टमी के अवसर पर कुछ देवी मंदिरों में विशेष हवन पूजन का आयोजन किया गया। इसमें बढ़-चढ़कर श्रद्धालु शामिल रहे। इस दिन माता के दर्शन के लिए काफी संख्या में भक्त पहुंचे, इसके चलते देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में सुबह से लेकर दोपहर बाद तक माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही और परिसर माता के जयकारे से गुंजते रहे।

### अंतिम दिन सिद्धीदात्री रूप की होगी पूजा

6 अप्रैल को चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को माता के सिद्धिदात्री रूप की पूजा विधि-विधान के साथ किया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन माता के इस रूप की पूजा करने से भक्तों को सभी सिद्धियां प्रदान करती है। आज भी देवी मंदिरों आस्था केन्द्रों में विशेष पूजन की तैयारियां है। अंतिम दिन होने के कारण इस दिन माता के दर्शन करने एवं पूजा-अर्चना करने के लिए देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में सुबह से ही भक्तजनों का पहुंचना शुरू हो जाएगा और विधि -विधान के साथ माता के दर्शन के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। नवमी तिथि को कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है, भक्त कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर विधि-विधान के साथ पूजा कर भोग चढ़ाते हैं।

### कल होगा ज्वारा विसर्जन

इस वर्ष चैत्र नवरात्र की शुरूआत 30 मार्च से हुई। पहले दिन घट स्थापना के साथ आदिशक्ति की पूजा-अर्चना शुरू हुई। इस दौरान देवी मंदिरों आस्था केन्द्रों में ज्वारा बोया गया। जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के द्वारा देवालयों के अलावा अपने घरों में कुछ श्रद्धालओं के द्वारा जवारा बोकर प्रतिदिन विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रहे थे। आज नवमी तिथि को चैत्र नवरात्र का अंतिम तिथि है, इसके दूसरे दिन सोमवार को ज्वारा विसर्जन किया जाएगा, इसके लिए भक्तजन एकजुट होकर गांव-गांव में ज्वार विर्सजन के लिए निकलेंगे। बैकुंठपुर के निकट अंचल का प्रमुख आस्था केन्द्र मॉ रमदईया धाम में भक्तों के द्वारा ज्वारा की झॉकी निकालकर चेर होते शहर के कुमार चौक तक आते हैं और फिर वापस लौट कर ज्वारा का विसर्जन करते हैं।

### खोंगापानी में 108 कन्याओं को कराया गया भोजन



**मनेन्द्रगढ़।** खोंगापानी वार्ड 8 के शिव मंदिर प्रांगण में 108 कन्याओं का भोज आयोजित किया गया है। इस अवसर पूर्व विधायक गुलाब कमरो, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, नपा खोंगापानी की अध्यक्ष ललिता रामा यादव, नपं अध्यक्ष श्रीमती यादव, पूर्व उपाध्यक्ष राजाराम कोल, पार्षद वकील चौधरी, राजा पाण्डेय, अमित दास, पिंटू भास्कर, रशीद हासमी, जगदीश मधुकर, संतोष चौबे, शेख वसीम, जुम्मन शेख, बलराम बोरसे, किरण चौधरी, कासिम अंसारी, भास्कर झा, मनोज साहू, रमेश चंद, दीपक नामदेव उपस्थित रहे। आयोजन से समाज में एकता, सहयोग और श्रद्धा की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

### श्री राम नवमी पर आज धूमधाम से होंगे धार्मिक आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** श्रीराम नवमी के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में धार्मिक उत्सव की धूम रहेगी। इस खास दिन को लेकर विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिनमें मुख्य आकर्षण शोभायात्रा होगी। शोभायात्रा जिले के विभिन्न स्थानों से निकलकर प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिरों तक पहुंचेगी। यात्रा में श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारों के साथ शामिल होंगे, साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, इसके अलावा नगर के विभिन्न जगहों में भजन-कीर्तन, रामायण पाठ और हवन यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे हैं। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भव्य रूप का दर्शन करने और उनके आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए काफी संख्या में मंदिरों का रूख करेंगे। जिलेभर में इस आयोजन के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं। इस अवसर पर जिले के सभी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा, जहां काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### माता रानी की आराधना



**मनेंद्रगढ़।** अग्रसेन महिला मंडल द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में भगत का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता रानी की आराधना में संलग्न हो कर पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन 4 अप्रैल को शाम 4:30 बजे अग्रसेन भवन में हुआ। आयोजन में महिलाओं का उत्साह और भक्ति की भावना देखने योग्य थी। भगत में सभी ने माता रानी के भजनों का गायन किया और उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से प्रभारी चंदा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रजनी अग्रवाल और रागिनी अग्रवाल की भूमिका रही। इसके अलावा पदाधिकारी प्रीति अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, निधि अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, राशि अग्रवाल, नीतू अग्रवाल और सरिता अग्रवाल, कार्यकारिणी में सीमा अग्रवाल, डाली अग्रवाल, सवी अग्रवाल और शिखा अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आवारा कुत्तों ने चीतल की ली जान



**बैकुण्ठपुर।** शनिवार को बैकुंठपुर बचरापोड़ी मार्ग पर स्थित ग्राम पतरापाली में आवारा कुत्तों ने गांव में भटककर आए एक चीतल की जान ले ली।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वन्य जीव चीतल के शव को अपने कब्जे में लेकर चिकित्सकों की टीम के द्वारा पीएम करा कर विधिवत अंतिम संस्कार कर दिय गया। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पतरापाली में शनिवार को सुबह लगभग 9:30 बजे गांव के आबादी वाले क्षेत्र में वन्य जीव चीतल जंगल से भटकर पहुंच गया। इस पर गांव के आवारा कुत्तों की नजर चीतल पर पड़ी तो दौड़ाना शुरू कर दिया और चीतल को कुत्तों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया, इससे चीतल की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होने के बाद ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई, इसके बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के टीम ने अपनी आवश्यक कार्रवाई पूरी की। उल्लेखनीय है कि जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र जो कि जंगलों से लगे है, उन क्षेत्रों में अक्सर वन्य जीव चीतल पहुंच जाते हैं, ऐसे में वन्य जीव के जीवन को गंभीर संकट उत्पन्न होता है।

# स्थापना दिवस की तैयारियों का मंत्री ने लिया जायजा

**खड़गवां।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल के उपलक्ष्य में प्रदेश कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचल का दौरा कर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की, इससे पूर्व वे खड़गवां जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में आयोजित खड़गवां मंडल कार्यसमिति बैठक में शामिल हुए।

बैठक में भाजपा स्थापना दिवस को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने व सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया गया। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और देश के समग्र विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह संभव हो पाया है पार्टी के सिद्धांतों, नीतियों और समर्पित कार्यकर्ताओं की वजह से। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी, जिसकी विचारधारा में हिन्दुत्व, राष्टवाद, रूढ़विाद और आर्थिक उदारीकरण प्रमुख हैं। पार्टी की जड़े 1951 में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ में है।



संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

# सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं देने वाले 2493 अफसरों पर जुर्माना, 2207 से अब तक नहीं हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

राज्य सूचना आयोग ने 1 जनवरी 2020 से 21 फरवरी 2025 तक सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं देने वाले 2493 जन सूचना अधिकारियों पर 4 करोड़ से अधिक का जुर्माना किया है। इनमें से मात्र 286 अधिकारियों से 42 लाख की वसूली हो पाई है। बाकी 2207 अधिकारियों से 5 वर्षों में 4.39 करोड़ रुपए की वसूली नहीं हो पाई है।

- 286 अधिकारियों से 42 लाख की वसूली
- जवाबदेह अफसरों ने सरकार को लगाया करोड़ों का चूना

जानकारी के अनुसार मनेंद्रगढ़ निवासी आरटीआई कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव ने सूचना के अधिकार के तहत राज्य सूचना आयोग से वर्ष 2020 से लेकर फरवरी 2025 तक की जानकारी मांगी। इसके तहत उन्हें राज्य सूचना आयोग ने बताया कि 1 जनवरी 2020 से 21 फरवरी 2025 तक 2493 जन सूचना अधिकारियों पर सूचना नहीं देने, जानबूझकर देरी करने या अधिनियम की अवहेलना करने के कारण 4 करोड़ 81 लाख 77 हजार 188 रुपए का अर्थदंड (जुर्माना) लगाया गया। आयोग ने स्पष्ट आदेश दिया था कि इन अधिकारियों से वसूली कर राज्य सरकार के राजकोष में राशि जमा कराई जाए, लेकिन इनमें से मात्र 286 अधिकारियों से 42 लाख 31 हजार 250 रुपए की वसूली की गई है। बाकी 2207 अधिकारी अब तक बचे हुए हैं, जिनसे 4 करोड़ 39 लाख 45 हजार 938 रुपए की वसूली नहीं की गई है। यह राशि सीधा-सीधा सरकार के राजस्व को नुकसान है।

### जिम्मेदार अफसरों ने नहीं ली जिम्मेदारी

राज्य सूचना आयोग ने बार-बार पत्र लिखकर जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों, विभाग प्रमुखों, और यहां तक कि सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव तक को इस संबंध में सूचित किया, लेकिन यह पत्र सिर्फ सरकारी फाइलों में धूल खाते रहा। जिन अफसरों पर वसूली की जिम्मेदारी थी, उन्होंने अपनी जवाबदेही से या तो मुंह मोड़ लिया या फिर जानबूझकर टालमटोल करते रहे। सूचना का अधिकार अधिनियम केवल जानकारी मांगने का नहीं, बल्कि "जवाबदेही तय करने" का कानून है। जब सूचना अधिकारी लापरवाही करते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जाता है और वसूली की जिम्मेदारी उनके वरिष्ठ अधिकारियों की होती है।

### प्रशासन की विफलता

जिस कानून को भ्रष्टाचार के खिलाफ हथियार माना जाता है, उसे खुद अधिकारी मजाक बना रहे हैं। और सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि राज्य सूचना आयोग के आदेश की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। इस मामले में सरकार की जवाबदेही सीधे-सीधे बनती है। जुर्माने की वसूली का आदेश राज्य सूचना आयोग ने पारित किया था और उसे लागू करना प्रशासन का कार्य है। यदि अधिकारी आदेश के बावजूद वसूली नहीं कर रहे हैं, तो यह सरकार की प्रशासनिक विफलता और राजस्व संरक्षण में लापरवाही को दर्शाता है।

### पुलिस ने किशोर सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

# मालगाड़ी से कोयला चोरी करने फिल्मी स्टाइल में सिग्नल को किया बाधित

**अम्बिकापुर।** संगठित गिरोह द्वारा कोयला खदान एवं कोयला परिवहन कर रही माल गाड़ियों से कोयला चोरी की घटना को अंजाम देना आम बात है लेकिन दो दिन पूर्व एक किशोर ने मालगाड़ी से कोयला चोरी करने की योजना बनाई एवं फिल्मी स्टाइल में कपड़े से ढककर सिग्नल को फेल कर दिया। मालगाड़ी की रफ्तार धीमी होने पर किशोर अपने साथियों के साथ मालगाड़ी पर चढ़ गया तथा कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया। रेलवे पुलिस ने मामले में आरोपी किशोर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- गुरूवार को देर रात दिया था घटना को अंजाम

घने अंधेरे के बीच रात्रि 2 बजे शायद ही कोई सूनसान इलाके में स्थित रेलवे लाइन के पास जाने की हिम्मत जुटाए। एक किशोर ने रात्रि में गुजरने वाली मालगाड़ी से कोयला चोरी कर ईंट भट्ठे में खपाने की योजना बनाई तथा चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए अपने दो वयस्क दोस्तों को तैयार किया। गुरूवार की मध्य रात्रि तीनों दोस्त बैकुंठपुर – कटोरा के बीच जमगहना स्थित सिग्नल के पास पहुंचे एवं कोयला लोड मालगाड़ी के गुजरने का इंतजार करने लगे। शातिर किशोर मालगाड़ी को रोकने के उद्देश्य से सिग्नल पर चढा तथा कपड़ा बांधकर सिग्नल को बाधित कर दिया। कुछ देर बाद धड़धड़ाती हुई मालगाड़ी पहुंची। सिग्नल बंद देख चालक ने मालगाड़ी की रफ्तार धीमी कर दी। कुछ गड़बड़ होने की संभावना पर उसने तत्काल इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी। रेलवे कंट्रोल रूम के अधिकारियों ने संबंधित रेलवे स्टेशन के अधिकारियों से संपर्क कर मालगाड़ी के चालक को रेल लाइन में कोई बाधा नहीं होने की जानकारी दी तो चालक ने गाड़ी की गति बढ़ाई। इधर आरोपी युवा मालगाड़ी पर चढ़ गए तथा बोरे में कोयला भरकर नीचे फेंकने लगे। सिग्नल बाधित होने की सूचना पर गुरूवार को तड़के रेलवे के सुरक्षा अधिकारी व आरपीएफ की टीम पहुंची तो सिग्नल का नजारा देखकर दंग रह गई। आरोपियों ने सिग्नल के ऊपर मोटा कपड़ा बांध दिया था। पास में ही लाइन के किनारे कोयला पड़ा था। अधिकारी सुबह 6 बजे घटना स्थल का निरीक्षण कर ही रहे थे चोरी के कोयले की दूसरी खेप लेने तीनों आरोपी पहुंच गए। आरपीएफ के अधिकारियों ने आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की तो आरोपियों ने पूरी घटना को बताया। आरोपी चोरी के कोयले की एक खेप पास के ईंट भट्ठे में खपा चुके थे। आरपीएफ की टीम आरोपियों को साथ लेकर पस के ईंट भट्ठा पहुंची तथा चोरी का कोयला बरामद किया। टीम ने चोरी का कोयला खरीदने के आरोप में पटेलपारा हथवर महोरा निवासी ईंट भट्ठा संचालक सुरेश उर्फ लल्लन पिता रघुबर, आरोपी किशोर सहित कोटकपारा कोटकतालाब बैंकुंठपुर निवासी सूरज कुमार पिता मनमोहक (19वर्ष) एवं भण्डारपारा जमगहना निवासी अजय कुमार ऊर्फ जय पिता ⏭ शेष पेज 4 पर





# PREMIER ACADEMY



## PREMIER ACADEMY से NEET 2024 में GOVT. MEDICAL COLLEGE में प्रवेशित छात्र

### CRASH COURSE
**NEET 2025**
PAT/PET/PPHT/BSc. NURSING

**ABHIJAY TEST SERIES**
10 Full Length Tests

### DROPPER COURSE
**NEET/IIT-JEE/CUET**
1 Year Classroom Program
- All Syllabus Coverage
- Test Series & One to One Doubt Session
- Daily 6 to 7 Hours Classes
- हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक कक्षाएं
- लड़के एवं लड़कियों हेतु पृथक हॉस्टल उपलब्ध

### SCHOOL+COACHING
**NEET/IIT-JEE**
2 Years Classroom Program
For 11th & 12th

➡ सभी कक्षाएं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
➡ हॉस्टल एवं मेस सुविधा उपलब्ध

### Are you Looking for CRASH COURSE CUET

- English
- GT (General Test)
- Maths / Reasoning
- Domain Subjects (Arts / Commerce / Science)
- General Studies
- Legal Studies



**Full Length Test Available for all Subjects**

## All New Batches From 7th April 2025
## For IITJEE/NEET/CUET/NCET

### NEET-2024 में चयनित छात्र

सैनी रंजन दास-एम्स भुवनेश्वर, रिया मिश्रा-यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली, गुनगुन सिंह-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति मेडिकल कॉलेज कानपुर, आशुतोष शर्मा-पं. जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज रायपुर, आदित्य कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया, महेन्द्र नायक-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी, ऋषि शेखर-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, आकांक्षा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, रेखा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, लोकेश जायसवाल-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, मो. नदीम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, सुखसागर-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, ममता नेताम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर, चंद्रदेव-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, गगन सिंह-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, अंजना भगत-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सुरेन्द्र कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, दिनेश नाग-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, नंदिनी कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, स्नेहा तिग्गा-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, राहुल-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, ज्योतिराज-शासकीय चिकित्सा महाविद्याल कांकेर, दिव्या कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, जगन्नाथ-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद,

### CUET-2024 में चयनित छात्र

**दिल्ली विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, अमित मरकाम, चंदन जनबंधु, देवेन्द्र, दुलेश कुमार पिसदा, ममतेश कुमार, सागर, व्यंकटेश, मुस्कान दिवान, सत्या सिंह

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** :- दीपिका सिंह, गनेश्वरी सिंह, कुलेश्वरी, सुष्मिता खलखो, उमंग सिदार, देवशरन सिंह

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, दिव्या, कुलेश्वरी, चंदन, जैकी राजवाड़े, कुमलाल, टिकेश्वर, प्रीति, नोमेश मंडावी, परमवीर, लोमेश्वरी सेठिया

**Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur**
**Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur**
**Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur**

For Information: 8902987789, 6260618880

Follow us @PREMIER_ACADEMY_CG

5-APRILI- JAS- KORIYA Bhoomi pg-3_Layout 1 4/5/2025 8:39 PM Page 1



खबर संक्षेप

## निषाद समाज ने धूमधाम से मनाई गुह्य निषादराज की जयंती



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज द्वारा श्री राम सखा महाराजा गुह्य निषादराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर संरक्षक त्रिवेणी चौधरी ने कहा कि हमारा समाज अपने अस्तित्व को भूलता जा रहा है जो दुखद है। हमारे पूर्वजों ने भगवान राम को गंगा पार कराया था लेकिन आज हमारी नैया तक पार नहीं हो पा रही है। इसके लिए सभी को एकजुट होकर अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय में आगे आने के लिए प्रेरित करना होगा। प्रदेश प्रवक्ता सुजान बिन्द ने कहा कि देश में हमारी आबादी 14 फीसदी होने के बावजूद हमारा समाज राजनीति, रोजगार व व्यवसाय में पीछे है। हमारे समाज की समस्याओं को उठाने वाला कोई नहीं है। हमारा पारंपरिक व्यवसाय पूंजीपतियों द्वारा छीना जा रहा है। महेश निषाद् ने भी अपना विचार व्यक्त किया। अंत में उमाशंकर साहनी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामनरेश, रामकरण, सुमन चौधरी, संजय चौधरी, मोतीचंद बिंद, कृष्णा चौधरी, रामदेव राम, लालबाबू विद्यासागर, श्रीमती नीलम निषाद्, पूजा निषाद, प्रीति निषाद, श्रीमती शांति देवी बिंद उपस्थित थीं।

### जयश्रीराम के जयकारे से गूंजा सरगुजा, झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

# रामनवमीं के उपलक्ष्य पर श्रीरामसेना ने निकाली शहर में भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर सप्तमी के दिन शहर में श्री राम सेना द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अनेकों झांकियों से सुसज्जित शोभा याता शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होकर देर शाम मां महामाया मंदिर पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सरगुजा जय श्री राम के नाम से गुंजायमान हो उठा। शहर में निकली श्रीराम सेना की शोभायात्रा का जगह जगह समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

बता दें कि चैत्र नवरात्र के मौके पर शहर सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है और जगह जगह विभिन्न आयोजन हो रहे है। ऐसे में चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सप्तमी के दिन किया गया। शोभा यात्रा को लेकर श्रीराम सेना द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। विगत एक सप्ताह से गांधी चौक से लेकर महामाया मंदिर तक सड़कों को सजाया जा रहा था। शहर की प्रमुख सड़क भगवामय हो गई। घड़ी चौक पर श्री राम सेना द्वारा विशेष साज सज्जा और लाइटिंग की गई जबकि मार्ग की सडक को केसरिया रंग से रंग दिया गया। शुक्रवार को शोभा यात्रा को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा था। शहर सहित जिलेभर से राम भक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान दिन भर चली तैयारी के बाद शाम लगभग चार बजे गांधी चौक से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभा यात्रा में उड़ीसा कालाहांडी कटप्पा, महाकाल की झांकी के साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं भस्म होली को लेकर भी लोगों में ख़ासा उत्साह देखने को मिला। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने धुमाल एवं ढोल का भी जमकर आनंद लिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर जमकर थिरके।





### जगह जगह किया गया स्वागत

शहर के गांधी चौक से शुरू हुई श्री राम सेना की शोभा यात्रा घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, महामाया रोड होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंची। महामाया मंदिर में भजन कीर्तन और भंडारे के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा का शहर में समाज के लोगों ने स्वागत किया। शोभा यात्रा ने दौरान लोगों ने श्रधालुओं पर पुष्प वर्षा की इसके साथ ही उन्हें पानी, जूस व अन्य खाद्य सामग्री प्रदान की।

## कैरियर कोचिंग सेंटर ने जिला स्तर पर गाड़े सफलता के झंडे



**सीतापुर।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित कैरियर कोचिंग मार्गदर्शन संस्थान ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है। नए सत्र में इस संस्थान से कुल 28 छात्रों का नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन हुआ है। जिसमे से तीन छात्रों ने टॉप 5 में जगह बनाकर इस संस्था का नाम पूरे जिले में रोशन किया है। कोचिंग सेंटर की इस उपलब्धि से पूरा शिक्षा विभाग गौरवांवित महसूस कर रहा है।

विदित हो कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर कोचिंग मार्गदर्शन संस्थान का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। बीइओ कार्यालय परिसर में आयोजित इस कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा बच्चों को नवोदय विद्यालय के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। विगत कई वर्षों से यह कोचिंग सेंटर जिला में अपना दबदबा कायम रखे हुए है। यहां से हर साल भारी संख्या में छात्र नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होते रहे हैं। नए शिक्षा सत्र 2025 में भी इस कोचिंग सेंटर से 28 छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है जिनमें से तीन बच्चों ने टॉप 5 में जगह बनाते हुए पूरे जिले में इस संस्था का नाम रोशन किया है। कोचिंग सेंटर की इस सफलता की वजह से अब यहां सरगुजा जिले के अलावा जशपुर जिले से भी छात्र कोचिंग के लिए आने लगे है। बीते साल की तरह इस साल भी अंबिकापुर निवासी छात्रा प्रज्ञा सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इसके लिए प्रज्ञा के माता पिता ने पूरे साल किराए के मकान में रहकर प्रज्ञा को कैरियर कोचिंग मार्गदर्शन सेंटर में कोचिंग दिलाई थी।

## प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा में जयघोष से गूंजा शहर

**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर नगर में पहली बार ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र को भक्तिमय हो गया। हजारों की संख्या में राम भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जय श्री राम और माता रानी के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। भव्य शोभायात्रा की शुरुआत श्री राम लक्ष्मण पांज, मरहटा से हुई जो मां सम्मलेश्वरी मंदिर से प्रतापपुर तक निकाली गई।

शोभायात्रा दुरती, गोंदा, सतीपारा, भैसा मुंडा, दवनकरा, सेमरा खुर्द, केवरा, पोड़ी मोड़, सरहरी, करंजवार से होते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, राजघराना चौक, थाना चौक, कदमपारा चौक, कॉलेज चौक, बस स्टैंड और मां सम्मलेश्वरी मंदिर चौक से होकर भ्रमण किया। हर चौक पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और जामवंत की अलौकिक झांकियों का दर्शन किए। ऐतिहासिक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। शुक्रवार बाजार का दिन होने के कारण नगर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे नगर को आकर्षक तोरण द्वारों और रंगोली से सजाया गया। सड़कों पर पुष्प वर्षा की गई और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की भव्य झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि पर भक्त झूम उठे। शोभायात्रा का समापन मां समलेश्वरी मंदिर में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भव्य आरती और हवन में भाग लिया।


## करवां में रामनवमीं पर निकाली भव्य शोभायात्रा



**कारवां।** श्रीराम नवमी एवं हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हिंदू एकता समिति करवां व यज्ञशाला समिति के संयुक्त ततवाधान में चैत्र नवरात्रि के सप्तमी तिथि को स्थानीय यज्ञशाला प्रांगण से पड़कीपारा चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा यज्ञ शाला करवां प्रांगण से प्रारंभ होकर सरकारीपारा देवी मंदिर होते हुए माझापारा देवी मंदिर से पड़कीपारा चौक में संपन्न हुआ। शोभायात्रा में विशेष साज सज्जा भगवा परिधान एवं भगवा ध्वज हाथों में लेकर सैकड़ों की संख्या में भक्तों द्वारा जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान कर दिया गया। सभी चौक चौराहे पर जगह जगह आतिशबाजी की गई। इस दौरान दशरथ सिंह, राजेंद्र जायसवाल, अमरसाय राजवाड़े महेश कुशवाहा, टिकेश राजवाड़े, तेजप्रताप सिंह, दुर्गा साहू, नंदकिशोर कुशवाहा, जयंत जायसवाल, आकाश जायसवाल, सुबंश राजवाड़े, प्रज्ञा कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, फलेश्वर कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरोग्य भारती ने शुरू किया अपनी थाली अपना थैला, धरती को नहीं करेंगे मैला अभियान

**अम्बिकापुर।** आरोग्य भारती ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित इच्छापूर्ति दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में एक नई शुरूआत की है। आरोग्य भारती टीम और मंदिर प्रबंधन समिति के सामंजस्य से अपनी थाली, अपना थैला-धरती को नहीं करेंगे मैला अभियान प्रारंभ कर डिस्पोजल एवं प्लास्टिक मुक्त भंडारा का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य धरती को प्लास्टिक के जहरीले प्रभाव से बचाना और लोगों को दैनिक जीवन में पर्यावरण के लिए संवेदनशील आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस मुहिम के तहत आरोग्य थाली मित्र दल के सहयोग से हर मंगलवार को भंडारे में डिस्पोजल और प्लास्टिक का बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। टीम ने 1000 थालियों एवं गिलास की व्यवस्था की है जिनका उपयोग श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करने के लिए किया। प्रसाद ग्रहण के बाद साफ-सफाई की पांच चरणीय प्रक्रिया अपनाई गई जिसमें पेपर से प्राथमिक सफाई, डिटर्जेंट वाले पानी में धोना, साफ पानी में भिगोना, उबलते पानी में जीवाणु मुक्त करना, थालियों को स्टैंड पर व्यवस्थित करना है। सांसद चिंतामणि महाराज के सौजन्य से सुंदरकांड पाठ उपरांत भंडारा किया गया। भंडारे में 3,500 श्रद्धालुओं ने थाली में प्रसाद ग्रहण किया। कुछ ने श्रमदान कर सफाई की। आरोग्य भारती की टीम इस अभियान को व्यवस्थित और पूरे नगर में फैलाने का संकल्प लिया है।



## खबर संक्षेप



### पानी की बर्बादी को रोकें...

बैकुण्ठपुर। पेयजल को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवा पानी झोंकी अभियान चला रखा है, वहीं सोनहत जनपद के ग्राम बड़वार के आंबा व प्राथमिक स्कूल के पास सोलर चलित नल से लगातार जल की धारा बह कर बर्बाद हो रहा है, जिसे सुधार कर पेयजल को संरक्षित करने की जरूरत है।

### वी क्लब ने पूर्व अध्यक्ष को किया सम्मानित



मनेन्द्रगढ़। राष्टीय समाज सेवी संस्था वी क्लब द्वारा वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र अरोड़ा का सम्मान आयोजित एरिया कांफ्रेंस में किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया एवं वरिष्ठ सदस्य श्रीमती इंदिरा सेंगर क्लब की सदस्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने उन्हें शाल -श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती फरमानिया ने कहा कि श्री अरोड़ा ने कई वर्षों से सतत क्लब को प्रशंसनीय सहयोग प्रदान किया है। अपने सम्मान के लिए श्री अरोड़ा ने वी क्लब के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में आस्था प्रथम

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि एमसीबी जिले से 30 छात्र-छात्राओं ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा



2025 में सफलता प्राप्त की है। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड से 6 विद्यार्थी, खड़गवां विकासखंड से 20 विद्यार्थी एवं भरतपुर विकासखंड से 4 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की है। जिले से कुमारी आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनके साथ-साथ छाया कुमारी साहू, अर्पित चौहान, आशीष कुमार सिंह, नैतिक सागर, रोहन मरावी, अन्नू, सोहानी मिश्रा, पवन चतुर्वेदी, अनुरुद्ध पाण्डेय, सौम्या, अरूणा, कृष्निका, अनुप्रिया जायसवाल, साक्षी, इशान साहू, आयुष साहू, अन्नया भारती, समीर, शालिनी, लव कुमार, दुर्गावती, अक्षंत कुमार, संजना, अंश कुमार, प्रतिभा सिंह, सुलजीत, प्रियांशु और बुद्धम ने भी इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

## निधन

### विजय मिश्रा



मनेन्द्रगढ़। अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय मिश्रा का उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। स्व. मिश्रा का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके आमजन के साथ स्थानीय अधिवक्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

न्यायालय :- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.

//ज्ञापन//

प्रोसेस क्रमांक - 60/2025
आदेश दिनांक - 19.03.2025
पेशी दिनांक - 21/04/2025
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/
रजिस्ट्रेशन क्रमांक /2025

प्रिंस कुमार उर्फ अरूण कुमार आयु 05 वर्ष आत्मज यदुनाथ नाबालिक वली संरक्षक पिता यदुनाथ आ. बलिराम उर्फ भुपसाय आयु 32 वर्ष जाति पनिका निवासी डकईपारा, थाना व तहसील पटना, जिला-कोरिया छ.ग. ....आवेदक

प्रति, 1. शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बैकुन्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग.
2. शाखा प्रबंधक महोदय सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया पोंडी चिरमिरी जिला-एम.सी.बी. छ.ग.
3. सर्वसाधारण आम जनता ग्राम डकईपारा तहसील बैकुन्ठपुर, जिला- कोरिया छ.ग.
4. रघुनाथ आ. भुपसाय जाति पनिका निवासी ग्राम डकईपारा तहसील बैकुन्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग. .....अनावेदकगण

बनाम :-

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक स्व. श्रीमती कुशुम बाई के नाम पर अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 21.04.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो

अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 19/03/2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

(साक्षी दीक्षित)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

## भाजपा जिला प्रभारी ने ली बैठक

# गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी दें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर शनिवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी अखिलेश सोनी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और उत्साह का पर्व है, इसे प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा और संकल्प के साथ मनाए। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत नए भारत के निर्माण की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक, वक्फ संशोधन विधेयक, एक राष्ट्र, एक सब्सक्रिप्शन, आयकर छूट सीमा को 12 लाख रूपए तक बढ़ाने जैसे निर्णय राजनीति और समाज दोनों के लिए नई दिशा तय कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष द्वय केबी जायसवाल, जवाहरलाल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जनपद पंचायत सोनहत अध्यक्ष आशा सोनपाकर, चरचा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में भानूपाल, कपिल जायसवाल, धीरेन्द्र साहू, संजय चिकनजुरी, दीपा विश्वकर्मा, कुबेर साहू, रामलखन यादव, राजाराम राजवाड़े, किशोर सिरदार, मैनेजर राजवाड़े, ईश्वर राजवाड़े, नरेश्वर रजक, धर्मवती राजवाड़े, रेखा वर्मा, जगनारायण साहू, ललिता यादव, सूरज राजवाड़े, बिजेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, रवि त्रिपाठी, सतेन्द्र राजवाड़े, रमेश तिवारी, मनोज साहू, नीरज पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।



# छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के एमए अर्थशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 25 छात्राओं ने मैनपाट, केरता शक्कर कारखाना व सिलफिली के उद्यानिकी फसलों का शैक्षणिक भ्रमण किया।

भ्रमण प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन और डॉ. पवन कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के पहले चरण में छात्राओं ने सिलफिली में करेला, तरबूज, लौकी, खीरा, टमाटर, अनानास और नारियल की खेती का सर्वे किया। किसान पंकज बाला ने जानकारी दी कि नारियल व सब्जी की खेती से उन्हें सालाना 8 से 10 लाख रूपए तक की आमदनी होती है। छात्राओं ने 12 किसानों से संवाद कर डाटा एकत्र किया। इसके बाद मैनपाट में पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट, उल्टा पानी व दलदली में दुकानदारों से बातचीत कर छात्राओं ने जाना कि यहां के व्यापारियों को पर्यटन से प्रतिदिन 4 से 5 हजार और मासिक एक से डेढ़ लाख की आय होती है। वहीं स्थानीय किसान भी धान, गेहूं, आलू जैसी फसलों से दो से तीन गुना लाभ कमा रहे हैं। भ्रमण के अंतिम चरण में छात्राएं मॉ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना, केरता पहुंची। सुरक्षा अधिकारी मनीर अंसारी ने बताया कि कारखाने में प्रतिवर्ष 2500 मैट्रिक टन चीनी उत्पादन होता है और बगास से बिजली उत्पन्न कर प्रतिदिन 6 से 7 लाख की अतिरिक्त आय होती है। कारखाना क्षेत्र के 14,000 किसानों से सीधे जुड़ा हुआ है। प्राचार्य डॉ. कच्छप ने छात्राओं को इस अनुभव को अध्ययन और शोध में उपयोग करने की प्रेरणा दी। भ्रमण के पश्चात छात्राएं अत्यंत उत्साहित और संतुष्ट दिखीं।

# पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



खिलाड़ियों के साथ अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

यूथ क्लब खरवत एवं समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से खरवत सुपर लीग ग्राम पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 अप्रैल को खरवत हायर सेकेंडरी स्थित खेल मैदान में किया गया। उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच जामपारा विरूद्ध अमरपुर के बीच खेला गया। खेल के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गणेश राजवाडेÞ रहे, जिनके द्वारा उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। वहीं इस अवसर पर अतिथि के रूप में उप सरपंच चेरवापारा, रामदयाल साहू, पूर्व उप सरपंच जहेन्द्र राजवाड़े, विकास प्रजापति, राकेश, दीपक, पुनीत, किशन, रोहित, जितेश, रोशन, सुमित सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता के कमेटी अध्यक्ष दिनेश सोनपाकर व कमेटी सदस्यों में रोशन, विनीत, ओम प्रकाश, ईशांत, राकेश, प्रियांशु, आर्यन, अमन सन्नी आदि उपस्थित रहे।

# आवा पानी झोंकी अभियान के तहत महलपारा में चित्रकला प्रतियोगिता






प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

बैकुण्ठपुर। जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही जनभागीदारी आधारित पहल आवा पानी झोंकी के अंतर्गत शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से सहभागिता करते हुए जल संरक्षण विषय पर चित्र बनाए और जल बचाओ, भविष्य बचाओ का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बताया कि आवा पानी झोंकी एक जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य बारिश के पानी को संग्रहित कर जल संकट से निपटना है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि घर की छतों से बहने वाले पानी को टंकियों में संग्रहित कर पीने और अन्य उपयोगों में लाया जा सकता है। जल की हर बूंद कीमती है और हमें उसका सोच-समझकर उपयोग करना चाहिए। बच्चों को वाटर ऑडिट की भी जानकारी दी गई, ताकि वे यह समझ सकें कि उनके घरों और स्कूलों में पानी का कहां और कितना उपयोग हो रहा है। कार्यक्रम में प्राथमिक प्रधान पाठक शेषमणि मिश्रा, प्रभारी प्राचार्य प्रिंस तिवारी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के चित्रों की सराहना करते हुए उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

# खोंगापानी में जल संकट व्यवस्था सुधारने की मांग

मनेन्द्रगढ़। झगराखाण्ड उपक्षेत्र हसदेव क्षेत्र (एसईसीएल) द्वारा संचालित खदानों के कारण नगर पंचायत खोंगापानी में जल संकट गहरा गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है किखानों के संचालन से क्षेत्र के प्राकृतिक जल स्त्रोत समाप्त हो चुके हैं, इसके परिणाम स्वरूप पानी की उपलब्धता पर गंभीर असर पड़ा है। नागरिकों का कहना है कि कॉलरी प्रबंधन द्वारा जल वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं की जा रही है, जिसके कारण उन्हें 5 से 6 दिनों में एक बार पानी मिल पा रहा है।



इस संबंध में कांग्रेस नेता व नगर पंचायत खोंगापानी के उपाध्यक्ष विवेक कुमार चतुर्वेदी ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक को एक पत्र लिखा है, जिसमें जल संकट के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यह जल संकट एसईसीएल के खदानों के कारण उत्पन्न हुआ है और अब प्रबंधन की नैतिक एवं संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इस समस्या का समाधान करें। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि अगर जल वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है, तो वे 15 दिनों के भीतर धरना, प्रदर्शन, चक्का जाम, क्रमिक अनशन और यहां तक कि आमरण अनशन तक करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने यह चेतावनी दी कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन पर होगी। स्थानीय निवासी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रबंधन जल संकट के समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाएगा, ताकि खोंगापानी के नागरिकों को जल की समस्या से निजात मिल सके।

# एमसीबी रेडक्रास सोसाइटी गठित

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एमसीबी डी.राहुल वेंकट की अध्यक्षता में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।



यह गठन रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्यों और प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ, जिसमें निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचित पदाधिकारियों में शैलेश जैन को चेयरमेन, विवेक जायसवाल को सह चेयरमेन, रिंकेश खन्ना को कोषाध्यक्ष और अधिवक्ता राम नरेश पटेल को राज्य प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध चुना गया। इस निर्वाचन प्रक्रिया को कलेक्टर ने पूरी देखरेख की और इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस मौके पर कलेक्टर ने सोसाइटी के सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा समाज में स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और जनसेवा के कार्यों को गति दी जाएगी। इस निर्वाचन के साथ ही मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर क्षेत्र में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी।

# रायपुर में बैकुंठपुर के मरीज से मिले विधायक



बैकुण्ठपुर। शहर के प्रेमाबाग निवासी अनिल तिवारी गंभीर बीमारी से पीड़ति हैं, जिनका उपचार नया रायपुर स्थित निजी चिकित्सालय में किया जा रहा है। बीते दिवस उनके रिश्तेदार प्रेमाबाग निवासी संजय कुमार पाण्डेय के साथ रामप्रकाश पाण्डेय पीड़ति अनिल तिवारी से मिलने पहुंचे, तब उन्होंने इसकी जानकारी बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े को दी, तो कुछ ही देरी में विधायक श्री राजवाड़े पीड़ति मरीज का हाल चाल जानने अस्पताल पहुंच गए और पीड़ति व उनके परिजन से बात की तथा आश्वासन दिया कि उपचार में शासन से जो भी मदद मिलेगी उन्हें दी जाएगी, साथ ही विधायक ने पीड़ति परिवार के जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ किसी अपना का मोबाइल नंबर भी दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होने पर कभी भी उनसे संपर्क कर सकते हैं।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

# ट्रक मालिक संघ ने रामनगर थाने में सौंपा ज्ञापन

अनूपपुर। जिले में ट्रक संघ और ट्रक एसोसिएशन की लड़ाई वर्चस्व की लड़ाई बन कर रह गई है। हाल ही में लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के ऊपर शिकायत के आधार पर विभिन्न आरोप लगाए गए हैं।

वहीं उन पर लगाए गए आरोप पर लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष ने जांच कर पारदर्शिता के साथ उचित कार्रवाई की मांग की है और उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ विद्रोही के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से संघ में फर्जी नियुक्ति का षड़यंत्र रचा गया था जिसका खुलासा होते ही उक्त व्यक्ति द्वारा फर्जी शिकायत करवा कर संघ को बदनाम करने का कार्य किया जा रहा है, इस पर रामनगर थाना पहुंचकर लोकल क्षेत्र ट्रक मालिक संघ के सदस्यों ने जांच और कार्रवाई की मांग की है। लोकल क्षेत्रिय ट्रक मलिक संघ के अध्यक्ष राजेश रजक के नेतृत्व में रामनगर थाना में ज्ञापन सौंपा गया।







## पृष्ठ 1 का शेष

### मालगाड़ी से कोयला ...

दरोगा चेरवा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को बिलासपुर न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें रिमाण्ड पर जबकि किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह बैकुंठपुर भेजा गया है। डीआरपी थाना प्रभारी सुनीता खलखो ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया है।

**186 किलो कोयला जब्त-** रेलवे पुलिस ने ईंट भट्ठा से 90 किलों एवं रेलवे लाइन के पास 90 किलो कुल 180 किलों चोरी का कोयला जब्त किया है। मालगाड़ी में चूरा कोयला लोड होने के कारण आरोपी कम मात्रा में कोयला चोरी कर पाए। मालगाड़ी में कोयला की बड़ी चट्टाने लोड होने पर आरोपी भारी मात्रा में कोयला चोरी कर सकते थे।

